Need to confer Bharat Ratna upon late Shri Kanshi Ram-laid

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : श्री कांशी राम, जिन्हें बहुजन नायक और मान्यवर के नाम से भी जाना जाना है, एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजनों तथा देश में सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए कार्य किया । वास्तव में वह एक जमीनी कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने सादगी जीवन व्यतीत करते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया । यह किसी से छिपा नहीं है कि मान्यवर श्री कांशी राम जी ने दलित राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया । लेकिन, वह राजनीति से ज्यादा देश के दबे कुचले समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मान्यवर कांशी राम जी के समाज और देश के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही करें ।